an>

Title: Need to take up with Nepal Government to build a dam to protect Bihar from floods.

डॉ. भोला सिंह : बिहार संभावनाओं का राज्य है। विडम्बनाएं कदम-कदम पर इन्हें परेशान करती रही हैं। इसकी मिट्टी, इसकी जलवायु एवं मानवीय शक्ति तथा प्रकृति की भंगिमाओं ने इसके इन्द्रधनुषी स्वरूप का निर्माण किया है। असंख्य नदियां गंगा का हजारों किलोमीटर इसकी धरा को पखारना बूढ़ी गंडक, कोसी अधवारा समूह की नदियां इसका शाश्वत जलाभिषेक करती रहती हैं। पर राजनीति के दंश ने इसे लहूलुहान करके रखा है। यह बीमारू राज्य के रूप में आज भी कलंकित स्वरूप लिए हुए है। यह इसकी आकृति नहीं बल्कि राजनीति की दी हुई है।

बिहार सर्व धर्म सम्भाव प्रजातंत्र की जन्म भूमि एवं कई विराट प्रतिभाओं की जननी है। पर ये आज प्रति वर्ष भीषण बाढ़ और सुखाड़ से प्रताड़ित है। उत्तर बिहार में जहां प्रति वर्ष बाढ़ से करोड़ों की क्षति होती है वहीं दक्षिण बिहार प्रति वर्ष भयानक सुखाड़ का हिस्सा रहा है। राजनीति प्रति वर्ष अथवा प्रति पांच वर्ष में इसी बाढ़ और सुखाड़ को चुनाव का मुद्दा बना कर इसे अंगूठा दिखाती रही है। कोसी शोक नदी के रूप में आज भी इसके रग-रग को तोड़ती रही है। गंगा अपने कटाव और बाढ़ से इसे परेशान करके रखा है। अन्य नदियां भी अपनी उग्रता प्रति वर्ष प्रदर्शित करती रही हैं। ऐसी अवस्था में बिहार के प्राण केन्द्र के हाथ में गिरवी के रूप में पड़े हुए हैं। कोसी नेपाल से आती है। नेपाल की सरहद पर डैम बनाने की आवश्यकता है। उससे सिंचाई की व्यवस्था हो सकती है। केन्द्र सरकार ने इसे गंभीरता से नहीं लिया है। आज भी पूर्व की स्थिति बनी हुई है। दक्षिण बिहार की नदियां बरसात में कहर ढाती हैं, चैत बैसाख में सूख जाती हैं।...(व्यवधान) अटल नदियों को जोड़ने की योजना के माध्यम से दक्षिण बिहार को धन्य-धान्य से भरा जा सकता था। वह भी निप्राण पड़ा हुआ है। अत: सरकार को सदन के माध्यम से आग्रह करते हैं कि बिहार को बाढ़ से बचाने के लिए नेपाल में डैम बनाया जाए। उत्तर बिहार की नदियों को दक्षिण बिहार की नदियों से जोड़ दिया जाए। यदि ऐसा हुआ तो बिहार राष्ट्रीय सम्पदा का उच्चतम हिस्सा दे सकेगा। मैं इस ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूं।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र, कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल श्री राजेश रंजन और श्रीमती रंजीत रंजन को डा. भोला सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।